कार्यालय प्रभागीय निदेशक, सामाजिक वानिकी प्रभाग कानपुर

पत्रांक 2134 /14-1 दिनॉक, कानपुर,जनवरी 25 2017

सेवा में,

मुख्य वन संरक्षक
कानपुर मण्डल कानपुर

विषयः– कानपुर नगर में कानपुर विकास प्राधिकरण द्वारा जी0टी0रोड किमी0 0 से 10.97 तक (कल्यानपुर से बिठूर तक) चौडीकरण एवं सुदृढिकरण किये जाने हेतु 6.011 हे0 संरक्षित वन भूमि के गैर वानिकी प्रयोग एवं उसपर अवस्थित 137 वृक्षों के पातन की अनुमति।

सन्दर्भः– मुख्य वन संरक्षक/नोडल अधिकारी उ0 प्र0 लखनऊ की पत्र संख्या 1490/कानपुर नगर/22879/2016 दिनांक 16.01.2017।

महोदय,

उपरोक्त सन्दर्भित पत्र द्वारा विषयक प्रस्ताव में पायी गयी कमियों का निराकरण कर निम्न प्रकार बिन्दुवार संशोधित प्रस्ताव की तीन प्रतियां संलग्न कर आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है।

1. प्रस्तावित स्थल कल्यानपुर से बिठूर तक टोपो सीट में चिन्हित कर दिया गया है।
2. प्रस्तावित वन भूमि की गणना में दर्शाया गया सेतु निर्माण टोपो सीट में चिन्हित कर दिया गया है।
3. प्रस्तावित क्षतिपूरक वृक्षारोपण सातो स्थलों को टोपो सीट में चिन्हित कर दिया गया है।
4. क्षतिपूरक वृक्षारोपण हेतु चयनित स्थल की उपयुक्तता प्रमाण पत्र निर्धारित प्रारूप में संलग्न कर दिया गया है।
5. प्रस्तावित वन भूमि की एन0पी0वी0 जमा करने की वचनबद्धता में भविष्य में दरों में वृद्धि होने पर बढी हुई धनराशि को जमा करने का उल्लेख कर दिया गया है।
6. प्रस्तावित वन भूमि का क्षेत्रफल 6.011 हे0 है जिसको एन0पी0वी0 की गणना में सुधार कर अंकित कर दिया गया है।
7. प्रस्तावित वन भूमि के स्वामित्व वाले विभाग लोक निर्माण विभाग की अनापत्ति पृष्ठ संख्या–36 पर संलग्न है।
8. वनाधिकार अधिनियम 2006 के अन्तर्गत जिलाधिकारी के प्रमाण पत्र में प्रस्तावित वन भूमि का क्षेत्रफल 6.011 हें0 अंकित कर दिया गया है।
9. मार्ग चौडीकरण के उपरान्त अवशेष भूमि की गणना व लीनियर प्लान पृष्ठ संख्या–45 व 46 पर अंकित है।
10. चौडीकरण के उपरान्त अवशेष संरक्षित वन भूमि पर स्थान रिक्तता के अनुसार 10 वर्षो के अनुरक्षण सहित प्राकलन के सम्बन्ध में अवगत कराना है कि प्रस्तावित क्षेत्र शहरी क्षेत्र है जहॉ वृक्षारोपण हेतु भूमि नगण्य है। जिसके कारण प्राकलन संलग्न किये जाने की आवश्यकता नही है।
11. इस कार्यालय से सम्बन्धित नही है।
12. आनॅलाइन पार्ट–2 के बिन्दु 13 में क्षतिपूरक वृक्षारोपण की स्पष्ट धनराशि 70.695 लाख में अंकित है।
13. आनॅलाइन पार्ट–2 में एडिसनल इन्फारमेशन डिटेल अपलोड की गयी है।
14. इंगित सूचनाओं को पूर्ण कर प्रस्ताव व विषय सूची पर पृष्ठ संख्या अंकित कर दिया गया है।

संलग्नक– उपरोक्तानुसार

भवदीय

(एस0एस0श्रीवास्तव)
प्रभागीय निदेशक
सामाजिक वानिकी प्रभाग
कानपुर